भागीदारी व शांति के लिये वैश्विक गठबंधन (Global Agreement on Participation and Peace, GAPP) नामक राजनीतिक दलों के साझे मंच में अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी को शामिल होने के लिये आवश्यक संविदा व संधि को आत्मार्पित करने संबंधी गठबंधन के सम्मुख प्रस्तुत अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी का शपथपत्र

अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी निम्नलिखित नियमों व शर्तों पर उक्त गठबंधन के मंच पर अन्य राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करने की संविदा व संधि करती है।

1. आपसी सहयोग, चुनावों में सीटों के बंटवारे, साझे मुद्दों पर साझे शक्ति प्रदर्शन, पार्टी कार्यकर्ताओं के साझे शिक्षण– प्रषिक्षण व सर्वेक्षण के लिये और साझी समस्याओं से प्रताड़ित किन्तु जातियों, सम्प्रदायों समुदायों, भाषाओं, राजनीतिक पार्टियों व राष्ट्र राज्यों के आधार पर राजनीतिक रूप से खण्डित लोगों की ताकत को एकजुट व संगठित करने के लिये, पार्टी उन दलों के साथ दलों के किसी परा राजनीतिक मंच या गठबंधन बनाने की पहल का साथ देगी या गठबंधन में शामिल होगी, जिन दलों के उद्देष्य पूर्ण या आंषिक रूप से मिलते–जुलते होंगे।

2. अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी भागीदारी व शांति के लिये वैश्विक गठबंधन, संक्षेप में ''गैप (GAPP) के लिखित संविधान को जान व समझ लिया है और परिणामस्वरूप इस संविधान को आत्मार्पित करने की घोषणा करती है।

3. अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी के शासन की बजाय गठबंधनों के शासन की समकालीन प्रवृत्ति को देखते हुये और गठबंधनों में लोकतांत्रिक ढ़ाचे, लोकतांत्रिक परिणामों, पारदर्षिता और उत्तरदायित्व को देखते हुये अधोहस्ताक्षरी की पार्टी निम्नलिखित शर्तों पर राजी अन्य राजनीतिक दलों के साथ मिलकर साझा मंच बनायेंगी। शर्तें इस प्रकार हैं–
   2.1 गठबंधन का उक्त लिखित संविधान की अपेक्षाओं के अनुरूप अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी अपनी कार्य प्रणाली का अनुकूलन करेगी।
   2.2 अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी गठबंधन बनाने या गठबंधन में शामिल होने के लिये यह हलफनामा/शपथपत्र अपनी स्वेच्छा से दे रही है, जिससे अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी जनता के प्रति जवाबदेह हो सके।
   2.3 अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी गठबंधन का नाम– भागीदारी व शांति के लिये वैश्विक गठबंधन (Global Agreement on Participation and Peace, GAPP) उसी प्रकार अपने नाम के साथ लिखेगी, जिस प्रकार स्कूल–कालेज उस बोर्ड या विष्वविद्यालय का नाम लिखते हैं जिससे वे संबद्ध होते हैं।

2.4 अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी यह जानने की घोषणा करती है कि गठबंधन की कार्यसमितियां गठबंधन के संविधान के प्रावधानों के अनुरूप हर उस स्तर पर गठित की जायेंगी, जिस स्तर पर कोई विधायी इकाई होती है व चुनाव संपादित किया जाता है।

2.5 अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी की मुख्य कार्यकारी समिति घोषणा करती है कि गठबंधन के विविध स्तरों की इकाइयों के गठन में अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी अपनी पार्टी के विविध स्तरों की इकाइयों को गठबंधन के संविधान के प्रावधानों के अनुरूप भागीदार बनायेगी।

2.6 अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी यह जानने की घोषणा करती है कि गठबंधन की उच्चस्थ इकाइयों के गठन के लिये होने वाले चुनाव में गठबंधन के दलों की यथाषक्य निम्नतम स्तर की इकाइयां गठबंधन के संविधान के प्रावधानों के अनुरूप वोट देंगी।

2.7 अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी यह जानने की घोषणा करती है कि चुनावों में प्रत्यासियों को अधिकृत करने का अधिकार गठबंधन में शामिल पार्टियों द्वारा संयुक्त रूप से गठित गठबंधन की कमेटियों को होगा।

2.8 अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी यह जानने की घोषणा करती है कि गठबंधन के चुनाव में वोट के लिये गठबंधन सदस्य दलों के पदाधिकारियों के वोट का मूल्य संबंधित पदाधिकारी के अधीन मौजूद पार्टी के सक्रिय सदस्यों की संख्या के अनुपात में होगा।

4. अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी यह जानने की घोषणा करती है कि गठबंधन के संविधान के प्रति समर्पण के अनुपात में सदस्य दलों की सदस्यता का वर्गीकरण होगा। सदस्य दलों के अधिकार व कर्तव्य उनके स्वयं द्वारा चुने गये सदस्यता वर्ग के अनुरूप होगा।

5. सदस्य दलों व सदस्य दलों के पदाधिकारियों के बीच पैदा होने वाले विवादों, आशंकाओं, आपत्तियों, अन्यायों के समाधान के लिये यथासंभव हर स्तर पर गठबंधन की न्यायिक इकाई का गठन किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी यह घोषणा करती है कि इस प्रकार गठित गठबंधन की न्यायिक इकाई द्वारा दिया गया फैसला पार्टी को मान्य होगा।

6. पार्टी उन्हीं दलों के साथ गठबंधन करेगी जो उक्त एक से चार तक के प्रावधानों को अपनी पार्टी के संविधान का हिस्सा बनाने की घोषणा करेगे।

7. अधोहस्ताक्षरी की राजनीतिक पार्टी यह जानने की घोषणा करती है कि अन्य उद्देश्यों के अलावा गैप (GAPP) गठबंधन गैट (GATT) नाम की अंतर्राटीय संधि से हुये क्षति के लिये क्षतिपूर्ति का प्रबंध करने के लिये गैप (Global Agreement on Participation and peace, GAPP) नाम की दूसरी अंतर्राष्ट्रीय संधि करवाने के लिये काम करेगा।

आवेदक / घोषणाकर्ता
हस्ताक्षर...
पार्टी प्रमुख / पार्टी के प्रतिनिधि का नाम ....
पार्टी का नाम ....
दिनांक–..................................
स्थान–...